September 2019
Monthly Edition

Inbook's CAFE SOCIAL

The Demonic facts revealed

EXCLUSIVE

Article 370

Meet a daughter like her father

One Nation, One Tax, One Market

Special Edition PG 19

Inbook उदेश्य

गाँव से गाँव जुडे ओर दिल से जुडे दिल, पुरखो का नाम बड़े और ज्ञानोदय संग। आप सब सोच रहे होंगे लो आया एक और नया सोशल नेटवर्क मार्केट में। अभी जो है उसी से परेशान हे वक्त तो जाता ही है फूहड़ता सोच और समाज दोनों को बर्बाद कर रही है। कभी दंगा फैलाने में ये नेटवर्क अपना योगदान देते हे और कभी अश्लीलता। लेकिन हकीकत तो यही हैं के पैसा कमाने के सिवा इन नेटवर्क का कोई उद्देश्य नहीं होता। ना ही ये किसी रचनात्मकता में सहयोग देते हैं नहीं ही किसी सामाजिक बुराई को खत्म करने में। यह तक तो फिर भी ठीक हैं बात और बिगड़ जाती हैं जब अबोध बालक, बालिकाएं इन नेटवर्क के जाल में फसकर अपनी जिंदगी खराब करलेते है। आज जब कोई बच्चा अपने माता पिता का मोबाइल इस्तेमाल करते हैं तो माता पिता की धड़कने बढ़ जाती हैं, ये सोचकर के नजाने कब कोई अश्लील सामग्री प्रकट हो जाये उनके वाल पर, या कोई अधेड़ फर्जी प्रोफाइल बनाकर बच्चो को अपना शिकार न बनाले।

सही हैं न आप यही सोचरहे थे न ?
मगर मेरे मित्र कई बार हम गलत सोचते हैं कई बार गंदे पानी के तालाब में कमल भी खिलते हैं और अन्धकार को चीरते हुए रौशनी की वो एक किरण अपना वर्चस्वा कायम करती हैं ठीक उसी तरह जैसे घुप्प अँधेरे में प्रकट हुए एक किरण से ये पूरा संसार बना ।

Inbook एक सोशल नेटवर्किंग प्लेटफार्म हैं ये बात बिलकुल सही हैं मगर ये भी उतना ही सत्य हैं के ये कीचड़ में खिले उस कमल की तरह हैं जिसे आप अपने इष्ट को अर्पित करते हो। Inbook एक सोशल नेटवर्क हैं मगर येहा अशीलता नहीं परोसी जाती, येहा फूहड़ता नहीं बेचीं जाती येहा तो सिर्फ मिलेगा आप को एक स्वच्छ साफ्सुत्रा सोशल नेटवर्क जहा आप के बच्चे भी बिना किसी डर या अश्लीलता के चपटमे में आये बिना अपना योगदान दे सकते हैं और मनोरंजन भी करसकते है। ये नेटवर्क पूरी तरह भारतीय मूल्यों एवं धर्म की रक्षा करता हैं और बदले में आप से भी ये उम्मीद करता हैं के समाज के उत्थान में आप भी अपना बहुमूल्य योगदान बिना किसी झिझक के दे।

और हां हम सिर्फ एक सोशल नेटवर्क लाकर ही संतुष्ट नहीं हुए हैं हम और भी जो हमसे बन पड़ेगा करेंगे समाज की उन्नति केलिए और हमारे कुछ प्रयास तो समाज में अपना पैर पसार चुके हैं और तेजी से सफलता की और बढ़ रहे हैं उन ही में से एक हैं Inbook Cafe जो की हैं ज्ञानोदय की राह में उठाया गया एक अदना सा कदम ।

संपादकीय

इनबुक एक कोशिश तस्वीर बदलने की

आज समाज में तेजी से बदलाव हो रहा है। हम अब डिजिटल दुनिया में जीने लगे हैं। इस दुनिया की कोई सीमा नहीं है। यह असीमित है। यहां सबकुछ है। बस किसी मोबाइल, लैपटॉप, टैबलेट, पीसी इत्यादि पर एक 'टच' करने की जरूरत है। एक 'टच' हुआ नहीं कि मनमानी चीज मिल गई। सचमुच इस डिजिटल बनती दुनिया ने हमारे जीवन को कितना आसान बना दिया है। हम जादू की झप्पी से चीजों को पाने लगे हैं। इस तरक्की की लगातार दौड़ में सोशल नेटवर्क एक सशक्त माध्यम बनता जा रहा है, जहां सबकुछ है – अच्छा भी, बुरा भी। नजरदारी भी कुछ खास नहीं है। कहीं न कहीं यह भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति से मेल नहीं खाती है। इसे ध्यान में रखते हुए एक अलग तरीके के सोशल नेटवर्क 'इनबुक' को लॉन्च किया गया है। यह नेटवर्क पूरी तरह से देसी है। भारतीय है। यह मिलावट से मुक्त है। इस पर पाश्चात्य संस्कृति का किंचित मात्र भी प्रभाव नहीं है।

'इनबुक' को लॉन्च करने के पीछे एक बहुत बड़ा उद्देश्य है, जो सीधे आम जनता से जुड़ा हुआ है। इसका लक्ष्य आम लोगों को अपने सोशल नेटवर्क का हिस्सा बनाना है। इसमें जो भी सामग्री है, वह पूरी तरह से भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति को ध्यान में रखकर परोसी गई है। इसका अर्थ कतई नहीं है कि इसमें आधुनिकता नहीं है। यह पूरी तरह से आधुनिक है, डिजिटल है, फिर भी सामाजिक दायरे में है। इसमें दिमाग को दूषित करने की नहीं, बल्कि उसे टॉनिक देने की सामग्री है। इसे नकारात्मकता से मुक्त रखने का भरसक प्रयास किया गया है।

इनबुक सिर्फ डिजिटल प्लैटफॉर्म तक ही सीमित नहीं है। यह वास्तविक दुनिया से भी वास्ता रखता है। इसके तहत अनेक चौरिटेबल कार्य किए जा रहे हैं, जो समाज के उत्थान के प्रति समर्पित हैं। इसके लिए समाज में शिक्षा को बढ़ावा देकर उसे सशक्त बनाया जा रहा है। 'इनबुक' ने ग्रामीण क्षेत्रों में लाइब्रेरी खोलना शुरू किया है, जहां पर लोगों को पुस्तकों को पढ़ने के लिए उत्साहित किया जा रहा है। उन स्थानों पर 'इनबुक' अधिकांश सहयोग देकर पुस्तकों को उपलब्ध रहा रही है। इसकी पहल से उत्साहित होकर स्थानीय लोग भी इसमें योगदान दे रहे हैं। इसके साथ ही स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस एवं अन्य अवसरों पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

इनबुक अपनी पत्रिका के माध्यम से उन लोगों की सुध ले रहा है, जो वंचित हैं। समाज में उन्हें वह सम्मान नहीं मिला, जिसके वे सचमुच हकदार हैं। उदाहरण के तौर पर एक सफाई कर्मी को आम तौर पर हेय दृष्टि से देखा जाता है, लेकिन वह कुछ दिन काम पर न आए, तो उसकी अहमियत समझ में आती है। सफाई के बिना जीना दूभर हो जाता है। इसी प्रकार एक ट्रैफिक कांस्टेबल अगर ठीक से ट्रैफिक नियंत्रण न करे, तो सड़क पर चलना कठिन हो जाता है।

इस 'इनबुक' में हम उन दूर–दराज के क्षेत्रों की खबरों एवं समस्याओं को लेकर आ रहे हैं, जिसकी खबर कोई नहीं करता है। इसमें उन समस्याओं को प्रकाशित तो किया ही जाएगा, साथ ही इस पत्रिका की प्रति को विभिन्न विभागों, नौकरशाहों एवं सरकारी एजेंसियों के पास प्रेषित करने की भी योजना है। इसके माध्यम से हमारी कोशिश वंचित क्षेत्रों की तस्वीर को बदलना है।

यह सही है कि 'इनबुक' में ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों की समस्याओं को प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा, लेकिन इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं है कि शहरांचलों को छोड़ दिया जाएगा। वह भी हमारी खबरों और लेखों का हिस्सा होंगे। इसके साथ ही इसमें स्वास्थ्य, खेल, राजनीति, आर्थिक, उद्योग–धंधे से जुड़े ढेरों लेख एवं स्तम्भ होंगे। इसे पाठकों की रुचि एवं उनकी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत किया जाएगा।

आशा है आपको यह अवश्य पसंद आएगा। हाँ, इसकी मूल बुनियाद पाठक ही हैं। इसलिए पाठक अपने विचारों और सुझावों से हमारी अच्छाईयों, कमियों एवं त्रुटियों से हमें अवश्य अवगत करायें, जिससे हम अगले अंक में आवश्यक सुधार कर सकें। उम्मीद है कि आपको यह अदना सा प्रयास अवश्य पसंद आएगा।

Surendra Kumar Pahwa

Ex Chief Commissioner of Income Tax,
Ex Vice Chairman, Settlement
Commission of India)

INDEX

1 Leader of the month
"A daughter like her father"
Denied being just another daughter of a minister, she decided to live in a village to serve people 6

2 परमवीर चक्र
विक्टोरिया क्रॉस से परमवीर चक्र तक
विक्टोरिया क्रॉस की शुरुवात १८५६ में हुई थी। आजादी के बाद से भारत सरकार अपने जल, थल और वायुसेना के रण बहादुरों को उनके अदम्य शोर्य के लिए परमवीर चक्र से सुशोभित करती है। 8

5 समाज में अप्रत्यक्ष सहयोग
"गर्व है, मैं सफाई कर्मी हूँ"
पहले लोग सम्मान से नही देखते थे। लेकिन विगत कुछ वर्षो से लोग सफाई को लेकर बहुत जागरूक हो गए है। 13

6 Model of the month
Male and Female
अगर आपको भी लगता हो की आपका photo इस मेग्जीन मे अए तो download Inbook app from playstore और post करें अपनी photo model group में। 14

7 Inbook : एक सफर
"मेरा अपना पुस्तकालय"
INBOOK NETWORK का महत्वपूर्ण कदम विभिन्न कस्बो में स्थित "मेरा अपना पुस्तकालय" की कुछ तस्वीरें 16

3 Article 370
आर्टिकल 370 एवं 35ए रू एक अभिशाप से मुक्ति
किसी भी देश के लिए इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है कि उसके ही एक प्रदेश में राष्ट्र का कानून लागू न हो। वहां के लोगों को समानता का अधिकार न हो। 10

4 Wardi
वर्दी मौसम नहीं देखती
हमें इस काम को करने में गर्व महसूस होता है हमे काम करते समय जिम्मेदारी का पूरा एहसास होता है। 12

8 Inbook Network
एक परिचय

INBOOK एक ऐसा स्वदेशी नेटवर्क है जो पूरी तरह से सुरक्षित एवं अश्लीलता से दूर है जिसे सभी उम्र वर्ग के लोग इस्तेमाल करके विविध जानकारिया प्राप्त कर सकते है। **18**

9 शूरवीरो की गाथा
हिन्दुंस्तान के इतिहास के बाजीराव अकेले ऐसे योद्धा थे जिन्होंने 41 लड़ाईया लड़ीं और एक भी नहीं हारीं।

महाराणा प्रताप और शिवाजी के बाद बाजीराव पेशवा का ही नाम आता है। जिन्होंने मुगलों से लम्बे समय तक लोहा लिया। **20**

10 Travel : Indore
रानी अहिल्या की नगरी इंदौर

आज इंदौर ने न केवल अपनी एक अलग पहचान बनायी है बल्कि खुद को तेजी से हो रहे विस्तार के अनुरूप बदला है। **22**

11 Legal
GST "ONE NATION, ONE TAX, ONE MARKET".

GST has replaced many indirect tax laws that previously existed in India. **25**

12 मेरी कलम से
प्रदीप जैन के विचार

श्री प्रदीप जैन के विचार। **28**

13 Government Schemes
आधार का आधार और उपयोगिता

आधार कार्ड भारत सरकार की एजेंसी UIDAI के द्वारा जारी किया जाने वाला एक पहचान है। **29**

14 सीखने की कुछ बाते
कविताएं और कहानियांबातें

INBOOK CAFÉ SOCIAL के पाठकों का योगदान **32**

Leader of the month

"A DAUGHTER LIKE HER FATHER"

It is generally said that the daughter's first love and idol is her father which is true in the case of Mrs. Rohini Khadse. The common phrase "Like father like daughter", fits perfectly in case of Mrs. Rohini Khadse aka Rohini Tai as natives of Khandesh (Jalgaon) fondly call her.

She inherited the spirit to serve people and make their lives better from her father Mr. Eknath Khadse or "NathaBhau". Being a daughter of a Leader of opposition in the assembly of Maharashtra and most senior Minister of Government of Maharashtra and advocate by profession, she had all kind of luxury available at her doorstep. She had opportunities to join big corporates as a law officer and live a luxurious life in Mumbai. But her plans were different and she denied being just another daughter of minister or leader in Indian politics.

Mrs. Khadse decided to take the tough road and chose to live in a village to serve people and uplift their standard of living of natives of Khandesh. She served them in the extreme hostile weather and her father supported her completely. Natha Bhau, on a number of occasions, admitted that Rohini is like him. He says that he feels sad that Rohini visits these villages even in 46-degree temperature but the sight of her glowing and smiling face after a hard day's work is worth everything for him.

Mrs. Rohini Khadse completed her graduation from prestigious Sydenham College of Commerce and Economics, Mumbai. Later she did her masters in Laws from ILS Pune. Apart from education, she is a good orator and brilliant writer.
Being an ardent lover of Lord Krishna, as she called herself, she is very modest and tribute all of her work and success to Lord Krishna. She says that it is not her but Lord Krishna who does everything and she is just a medium to flow-out His energy.

Since her college days, she has been actively involving in social work. With the guidance of her father, she is working for poor and needy. Especially for poor tribes (ADIWASI) who lives in the ranges of Satputara Mountain of Maharashtra which is known for its treasure of herbs. She informed & educated locals about the value of herbs under the banner of 'EknathraoKhadse Foundation' since 2004. Her consistent effort brought smiles on the faces of many Adiwasi people by uplifting the standard of living and providing education to their children and thus giving them a better and healthy lifestyle. Many big corporates of the world are now approaching them directly.
Once someone asked Rohini whether she is a social activist as people feel proud to call themselves or she is a daughter of a politician,

Mrs. Khadse decided to take the tough road and chose to live in a village to serve people and uplift their standard of living of natives of Khandesh.

she replied "I am neither a social activist nor daughter of a politician as my baba worked hard for the betterment of the poor and needy. I am part of my village or my society and I am not doing any "favor" on my fellow brothers, sisters, and elders. I do it for my happiness as I can't have my dinner if I see "ANNADATA" or "NATIVES" of village dying with hunger or going miles for a bucket of water. I talk to myself and try to find out ways to help them. The more I work for them, the more my determination strengthens to serve. " She further added politics is a means for me to serve people and I am highly inspired by Mao Zedong who said, "Never benefit oneself always

She is one of the flag bearers of "Save the daughters Movement" of Prime Minister Shri Narendra Modi and is actively involved in educating people to save daughters and educate them. Apart from her father, she admires Prime Minister Shri Narendra Modi and highly influenced by his passion and burning desire to serve India. In the words of Rohini "There can't be another person who can be compared with Mr. Modi who gave up on everything for his nation and doesn't keep even a single moment for himself. Further, I am not his admirer just because my father belongs to BJP but he is the best Prime Minister our country ever had. Not only me but any youth can fall for him."

Am I a corporate woman or traditional woman or politician?
Haha. I am a traditional woman with a corporate flavour. I believe in my culture and traditions and I get power & positivity from it.
Being a traditional woman doesn't mean I can't manage corporate. Being a chairman of the bank, I have to keep myself updated with all the banking regulations and administration, being a chairman of the sugar mill; I have to keep eyesight from the procurement of sugarcane till the production of sugar. Being a chairman of a cotton mill, I have to deal with cotton seeds till the spindle of cotton.

Sometimes people get surprised a bit of how I manage so many works efficiently. It can be difficult for other people but for me, it is a bit easy as I do believe in people and invest in human assets instead of making investments in property, money or ornaments. This is a simple mantra of my success.

"Politics is a means for me to serve people and I am highly inspired by Mao Zedong who said, "Never benefit oneself always benefit others."

परमवीर चक्र

विक्टोरिया क्रॉस से परमवीर चक्र तक

विक्टोरिया क्रॉस से परमवीर चक्र तक

जैसा की सर्व विदित है, परमवीर चक्र भारत का सर्वोच्च शोर्य सैन्य अलंकरण है जो दुश्मनो की उपस्थिति में उच्च कोटि के पराक्रम एवं त्याग के लिए प्रदान किया जाता है। परमवीर चक्र के इतिहास के बारे में कम ही लोग जानते है। आजादी से पूर्व ब्रिटिश राज में भी शूरवीरता के लिए अलंकरण दिए जाते थे तब ब्रिटेन की रानी के नाम पर "विक्टोरिया क्रॉस" के नाम से इसे जाना जाता था।

विक्टोरिया क्रॉस सन् 1856 में रानी विक्टोरिया ने शुरू किया था। इस सम्मान को शुरू करने के पीछे यही मकसद था की देश के शूरवीरो को सम्मानित किया जा सके। जब भारत ब्रिटेन के अधीन था तब भारत में ब्रिटिश सेना के रणबाकुरो को सम्मान देने के लिए शुरू किया था।

आजादी और परमवीर चक्र तक

आजादी के बाद से लेकर आज तक भारत में कई युद्ध हुए है। जिनमें भारतीय सेना ने अपने अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय दिया है द्य भारत सरकार सेना के शूरवीरो को उनके उच्च कोटि के शोर्य व त्याग के लिए परमवीर चक्र से सुशोभित करती है। यह भारत का सर्वोच्य सैन्य अलंकरण है। 26 जनवरी 1950 में जब भारतीय संविधान शुरू हुआ तब परमवीर चक्र की भी शुरुवात हुई। इसके पुरुस्कार के पात्र भारतीय सेना के किसी भी अंग के अधिकारी या कर्मचारी होते है द्य इसे देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न के बाद सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार माना जाता है।

कुछ भारतीय जिन्हें विक्टोरिया क्रॉस से सम्मानित किया गया

श्री गोविन्द सिंग जी	1917	प्रथम विश्व युद्ध
श्री बादलू सिंग जी	1918	प्रथम विश्व युद्ध
श्री चट्टा सिंग जी	1918	प्रथम विश्व युद्ध
श्री ईशर सिंग जी	1921	प्रथम विश्व युद्ध
श्री प्रकाश सिंग जी	1943	द्वितीय विश्व युद्ध
श्री नन्द सिंग जी	1944	द्वितीय विश्व युद्ध
श्री राव अब्दुल हाफिज खान जी	1944	द्वितीय विश्व युद्ध
श्री उमराव सिंग जी	1944	द्वितीय विश्व युद्ध
श्री राम स्वरूप सिंग जी	1944	द्वितीय विश्व युद्ध
श्री नामदेव जादव जी	1945	द्वितीय विश्व युद्ध
श्री करमजीत जुडगे जी	1945	द्वितीय विश्व युद्ध
श्री शेर शाह जी	1945	द्वितीय विश्व युद्ध
श्री गिना सिंग जी	1945	द्वितीय विश्व युद्ध
श्री प्रकाश सिंग जी	1945	द्वितीय विश्व युद्ध

आइये जानते है सरदार ईशर सिंग जीके बारे मे

सरदार ईशर सिंग जी (तब 25) 28 वे पंजाबियों में एक सिपाही थे। वजीरिस्तान अभियान के दोरान भारतीय सेना का अंग थे। 10 अप्रेल 1921 को उनकी उल्लेखनीय योगदान के लिए विक्टोरिया क्रॉस से नवाजा गया था द्य लोग अक्सर हवलदार ईश्वर सिंग और सिपाही ईशर सिंग में भ्रमित हो जाते है जो सारागढ़ी में लडे थे।

हर साल 12 सितम्बर को, हम 21 सिख सैनिकों के बलिदान को याद करते है जिनका नेतृत्व हवालदार ईशर सिंग जी कर रहे थे। लेकिन कुछ लोग अज्ञानतापूर्वक कैप्टन ईशर सिंग जी की तस्वीर साझा कर देते है। ईशर सिंग नाम एक होने की वजह से यह भांति जन्मी दोनों की परिस्थितिया और वीरता का कार्य भी लगभग सामान ही था। सरदार बहादुर ईशर सिंग जी को ब्रिटिश सेना ने जनजातियो के खिलाफ लड़ने के लिए विक्टोरिया क्रॉस दिया था। किन्तु सरदार बहादुर कैप्टन ईशर सिंग जी के परिवार का दावा है कि एक सैन्य अभियान के दोरान बहादुरी के कार्य के लिए उन्हें विक्टोरिया क्रॉस प्राप्त हुआ था वो पहले गैर ब्रिटिश सैनिक थे जिन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ अभी इसका सत्यापन होना बाकी है। फिर भी इस में कोई संदेह नही है की 1921 में समाचार पत्रों की रिपोटो में उनकी वीरता की विधिवत स्वीकार किया गया है।

वजीरिस्तान अभियान ब्रिटिश और भारतीय सेना द्वारा चलाये जाने वाला एक सैन्य अभियान था जिसमे इस क्षेत्र में रहने वाले स्वतंत्र आदिवासियों के खिलाफ यह अभियान था। तीसरे एंग्लो अफगान युद्ध के बाद फैली अशान्ति के बाद 1919–20 में यह पारिस्थति उत्पन्न हुई। थी ईशर सिंग ने कप्तान के पद पर रहते हुए द्वितीय विश्व युद्ध में कार्य भी किया। उन्हें विक्टोरिया क्रॉस के अलावा प्रतिष्ठित ऑडर ऑफ ब्रिटिश इण्डिया, फर्स्ट क्लास से सम्मानित किया गया जिससे उन्हें सरदार बहादुर की उपाधि भी प्रदान के गई।

कुछ भारतीय जिन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया गयारू

मेजर सोमनाथ शर्मा मरणोपरांत

लांस नायक करम सिंह

सेकेंड लेफ्टीनेंट राम रघोबा राणे

नायक यदुनाथ सिंह मरणोपरांत

कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह मरणोपरांत

कैप्टन गुरबचन सिंह सलारिया मरणोपरांत

मेजर धनसिंह थापा

मेजर शैतान सिंह मरणोपरांत

कंपनी क्वार्टर मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद मरणोपरांत

लेफ्टीनेंट कर्नल आर्देशिर तरपोर मरणोपरांत

लांस नायक अलबर्ट एक्का चौंदहवीं बटालियन, बिहार रेजीमेंट मरणोपरांत

फ्लाईंग आफिसर निर्मलजीत सिंह सेखो मरणोपरांत

लेफ्टीनेंट अरुण क्षेत क्षेत्रपाल पूना हार्स मरणोपरांत

मेजर होशियार सिंह तीसरी बटालियन, बाम्बे ग्रेनेडियर्स बसंतार नदी, शकरगढ़ सेक्टर

नायब सूबेदार बन्ना सिंह आठवीं बटालियन, जम्मू कश्मीर लाइट इनफेन्ट्री जीवित

मेजर रामास्वामी परमेश्वरन आठवीं बटालियन, महार रेजीमेंट मरणोपरांत

लेफ्टीनेंट मनोज कुमार पांडे प्रथम बटाल बटालियन, 11 गोरखा राइफल्स मरणोपरांत

ग्रेनेडियर योगेन्द्र सिंह यादव अठारहवीं बटालियन, जीवित

राइफलमैन संजय कुमार तेरहवीं बटालियन, जम्मू कश्मीर राइफल्स जीवित

कैप्टन विक्रम बत्रा तेरहवीं बटालियन, जम्मू कश्मीर राइफल्स मरणोपरांत

आने वाले अंकों में जान ने की कोशिश करेंगे हर जाबाज की कहानी।

आर्टिकल 370 एवं 35ए एक अभिशाप से मुक्ति

किसी भी देश के लिए इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है कि उसके ही एक प्रदेश में राष्ट्र का कानून लागू न हो। वहां के लोगों को समानता का अधिकार न हो। वहां दोहरी नागरिका चले। यहां तक कि उस राष्ट्र के ध्वज और प्रतीकों का अपमान भी कोई अपराध न हो। ऐसा लगे कि यह अपने देश में होते हुए भी बेगाना–बेगाना सा है। कुछ समय पहले तक हमारे जम्मू–कश्मीर का यही हाल था। यहां ऐसा ही बहुत कुछ होता था, जो एक राष्ट्र, एक विधान और एक संविधान की शक्ति को कमजोर करता था। इस धरती के स्वर्ग में कुछ लोगों को छोड़कर अधिकांश लोगों का जीवन नारकीय था। मुटठी भर नेता अपनी स्वार्थसिद्धी के लिए लोगों के जीवन और भविष्य से खिलवाड़ कर रहे थे। ऐसे में 5 अगस्त 2019 का दिन ऐतिहासिक रहा। भारत सरकार ने जम्मू–कश्मीर के लोगों के जीवन में आशा की लौ दिखाते हुए वहां आर्टिकल 370 और 35ए को खत्म कर दिया। हालांकि, कुछ सुविधाभोगी नेता, जो हमेशा से वहां के लोगों को बरगलाने और अपना उल्लू सीधा करने में लगे थे, उन्हें यह नागवार गुजरा है। सरकार इस निर्णय को लेने के साथ ही सभी ऐहतियाती कदम उठाये है, सुरक्षा को प्राथमिकता दी है, जिससे जान–माल का नुकसान न हो, लोगों का भरोसा जीतने की कोशिश की जा रही है, क्योंकि उन्हें पहले से ही बरगलाकर रखा गया है। उन्हें अपना हित–अहित तक पता नहीं है। उन्हें यह भी पता नहीं होता है कि वह क्यों भारत का विरोध करते हैं, क्यों पत्थरबाजी करते हैं, बस उनके कुछ नेता उन्हें भड़काते हैं, उनका ब्रेनवाश करते हैं और वह देश विरोधी बन जाते हैं। हालांकि, अब वहां धीरे–धीरे जिंदगी सामान्य हो रही है।

हालांकि, हमारे लिए यह जानना जरूरी है कि जम्मू कश्मीर के लिए दोनों आर्टिकल कैसे अभिशाप थे। इस क्षेत्र में अशांति का कारण यही थे। इन्हीं दोनों के कारण जम्मू–कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा हासिल था, जिसकी आड़ में कश्मीरी अलगाववादी पाकिस्तान की शह पर कश्मीरी नौजवानों को बरगलाकर कश्मीर की आजादी के नाम पर आतंकवाद की ओर धकेल रहे थे। आर्टिकल 35–ए की आड़ में तो जम्मू–कश्मीर की लड़कियों का ही नहीं बल्कि भारत विभाजन के बाद पाकिस्तान से आये शर्णार्थियों से भी भेदभाव किया जाता रहा है।

दरअसल इस सबका सबसे ज्यादा फायदा दशकों से पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती का परिवार उठाता आ रहा था। उनकी पार्टियों और अलगाववादियों को ही इससे तकलीफ है। यहां कानून–व्यवस्था राज्य सरकार का विषय था और सैन्य बलों की संभावित तैनाती भी राज्य सरकार की सहमति से ही होती थी। यहां तक कि सैन्य बलों के साथ मुठभेड़ों में मरने वाले आतंकवादियों के जनाजे में बड़े–बड़े ईनामी आतंकवादी हथियारों का प्रदर्शन करते हुए खुलेआम शामिल हो रहे थे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसकी स्थानीय प्रशासन और विशेषकर पुलिस को जानकारी होगी ही, लेकिन उनका मूक समर्थन उन्हें हासिल था और यही कारण था कि जब सैन्य बलों को आतंकवादियों के छुपने का पता चलता है और मुठभेड़ शुरू होती है तो पत्थरबाजों की भीड़ इसमें बाधा डालने का प्रयास करती थी।

दरअसल 1947 में बंटवारे के दौरान पाकिस्तान से लाखों लोग शरणार्थी बनकर भारत आए थे। यह लोग देश के कई हिस्सों में बस गये थे और आज वहीं के नागरिक बन चुके हैं। दिल्ली, मुंबई, कलकत्ता, चेन्नई, उत्तर प्रदेश या जहां कहीं भी यह लोग बसे, आज वहीं के स्थायी निवासी बन गये हैं। जम्मू–कश्मीर में कई दशक पहले बसे यह लोग आज भी शरणार्थी ही कहलाते हैं और तमाम मौलिक अधिकारों से वंचित हैं। 1947 में हजारों लोग पश्चिमी पकिस्तान से आकर जम्मू में बसे थे। इन हिंदू परिवारों में लगभग 80 प्रतिशत दलित थे। अब तक इन्हें न तो स्थानीय चुनावों में वोट डालने का अधिकार था, न सरकारी नौकरी पाने का और न ही सरकारी कॉलेजों में दाखिले का अधिकार दिया गया था।

यह स्थिति सिर्फ पश्चिमी पकिस्तान से आए इन हजारों परिवारों की ही नहीं बल्कि लाखों अन्य लोगों की भी थी। इनमें गोरखा समुदाय के वह लोग भी शामिल हैं जो बीते कई सालों से जम्मू–कश्मीर में रह रहे थे। इनसे भी बुरी स्थिति वाल्मीकि समुदाय के उन लोगों की थी जो 1957 में यहां बसाये गये थे। उस समय इस समुदाय के करीब 250 परिवारों को पंजाब से जम्मू–कश्मीर बुलाया गया था। इन्हें विशेष तौर से सफाई कर्मचारी के तौर पर नियुक्त करने के लिए यहां लाया गया था। बीते 60 सालों से यह लोग यहां सफाई का काम कर रहे हैं। लेकिन इन्हें भी जम्मू–कश्मीर का स्थायी निवासी नहीं माना जाता था। इनके बच्चों को सरकारी व्यावसायिक संस्थानों में दाखिला नहीं दिया जाता था और किसी तरह अगर कोई बच्चा किसी निजी संस्थान या बाहर से पढ़ भी जाए तो यहां उन्हें सिर्फ सफाई कर्मचारी की ही नौकरी मिल सकती थी।

यह भी बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति थी कि यहां रहनेवाले भारत के नागरिक तो थे, लेकिन जम्मू–कश्मीर उन्हें अपना नागरिक नहीं मानता था। इन्हें लोकसभा चुनावों में वोट डालने का अधिकार था, लेकिन जम्मू–कश्मीर में पंचायत से लेकर विधानसभी तक किसी भी चुनाव में ये वोट नहीं डाल सकते थे। इससे बड़ी विडम्बना क्या हो सकती थी कि यह लोग भारत के प्रधानमंत्री तो बन सकते थे लेकिन जिस राज्य में कई सालों से रह रहे थे वहां के ग्राम प्रधान भी नहीं बन सकते थे।

सबसे दुखद बात यह है कि सन् 1954 में तत्कालीन राष्ट्रपति के आदेश के जरिए भारत के संविधान में एक नया आर्टिकल 35–ए जोड़ दिया गया। यही यहां के लाखों लोगों के लिए अभिशाप बन गया। अनुच्छेद 35–ए जम्मू–कश्मीर की विधानसभा को यह अधिकार दिया कि वह श्स्थायी नागरिकश की परिभाषा तय कर सके और उन्हें चिन्हित कर विभिन्न विशेषाधिकार भी दे सके। इसी अनुच्छेद से जम्मू और कश्मीर की विधानसभा ने कानून बनाकर लाखों लोगों को शरणार्थी मानकर हाशिये पर धकेल दिया ताकि उनकी राजनीति पर कोई आंच न आये।

हमें यह भी जानना चाहिए कि भारतीय जन संघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आर्टिकल 370 के खिलाफ लड़ाई लड़ने का बीड़ा उठाया था। वह इस संवैधानिक प्रावधान के खिलाफ थे और उन्होंने कहा था कि इससे भारत छोटे–छोटे टुकड़ों में बंट रहा है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी 1953 में भारत प्रशासित कश्मीर के दौरे पर गए थे और वहां कानून लागू था कि भारतीय नागरिक जम्मू–कश्मीर में नहीं बस सकते और वहां प्रवास के दौरान उन्हें अपने साथ पहचान पत्र रखना जरूरी था। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने तब इस कानून के खिलाफ भूख हड़ताल की थी। वह जम्मू–कश्मीर जाकर अपनी लड़ाई जारी रखना चाहते थे लेकिन उन्हें जम्मू–कश्मीर के भीतर घुसने तक नहीं दिया गया था और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और 23 जून 1953 को हिरासत के दौरान ही उनकी संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई थी। वैसे, आर्टिकल 370 में समय के साथ कई बदलाव भी हुए। 1965 तक वहां राज्यपाल और मुख्यमंत्री नहीं होता था। उनकी जगह सदर–ए–रियासत और प्रधानमंत्री होता था। इसे बाद में बदला गया। इसी तरह के कई और महत्वपूर्ण बदलाव हुए। हालांकि बाद में प्रवास के दौरान पहचान पत्र रखने के प्रावधान को बाद में कानूनन रद्द कर दिया गया, लेकिन दूसरे नियम कानून समस्या बने हुए थे। उनपर भी एक नजर डालना जरूरी है।

अनुच्छेद 370 के प्रावधानों के अनुसार, संसद को जम्मू–कश्मीर के बारे में रक्षा, विदेश मामले और संचार के विषय में कानून बनाने का अधिकार था, लेकिन किसी अन्य विषय से संबंधित कानून को लागू करवाने के लिए केंद्र को राज्य सरकार की मंजूरी चाहिए थी। इसी विशेष दर्जे के कारण जम्मू–कश्मीर राज्य पर संविधान की धारा 356 लागू नहीं होती थी। राष्ट्रपति के पास राज्य के संविधान को बर्खास्त करने का अधिकार नहीं था। 1976 का शहरी भूमि कानून राज्य पर लागू नहीं होता था। भारत के दूसरे राज्यों के लोग जम्मू–कश्मीर में जमीन नहीं खरीद सकते थे। भारतीय संविधान की धारा 360 के तहत देश में वित्तीय आपातकाल लगाने का प्रावधान है। यह जम्मू–कश्मीर पर लागू नहीं होता था। धारा 370 के तहत कुछ विशेष अधिकार कश्मीर की जनता को मिले हुए थे। इस धारा की वजह से कश्मीर में आरटीआई (RTI) और सीएजी (CAG) जैसे कानून लागू नहीं होते थे। जम्मू–कश्मीर के नागरिकों के पास दोहरी नागरिकता होती थी। जम्मू–कश्मीर का अलग राष्ट्रध्वज था। जम्मू–कश्मीर की विधानसभा का कार्यकाल 6 वर्षों का होता था। जबकि भारत के अन्य राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल 5 वर्ष का था।

इसके साथ ही, जम्मू–कश्मीर के अंदर भारत के राष्ट्रध्वज या राष्ट्रीय प्रतीकों का अपमान अपराध नहीं होता था। भारत के उच्चतम न्यायालय के आदेश जम्मू–कश्मीर के अंदर मान्य नहीं थे। भारत की संसद को जम्मू–कश्मीर के संबंध में सीमित क्षेत्र में कानून बना सकती थी। जम्मू–कश्मीर की कोई महिला यदि भारत के किसी अन्य राज्य के व्यक्ति से विवाह कर ले तो उस महिला की नागरिकता समाप्त हो जाती थी। इसके विपरीत यदि वह पकिस्तान के किसी व्यक्ति से विवाह कर ले तो उसे भी जम्मू–कश्मीर की नागरिकता मिल जाती थी। 35। से जम्मू–कश्मीर के लिए स्थायी नागरिकता के नियम और नागरिकों के अधिकार तय होते थे। 14 मई 1954 के पहले जो कश्मीर में बस गए थे, उन्हीं को स्थायी निवासी माना जाता था। जो जम्मू–कश्मीर का स्थायी निवासी नहीं था, राज्य में संपत्ति नहीं खरीद सकता था। सरकार की नौकरियों के लिए आवेदन नहीं कर सकता था। वहां के विश्विद्यालयों में दाखिला नहीं ले सकता था, न ही राज्य सरकार की कोई वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकता था।

ऐसे में अनुच्छेद 370 और 35ए के समाप्त होने से जम्मू–कश्मीर और लद्दाख के लोगों को निश्चित रूप से नवजीवन मिलेगा। इसके लिए वहां के लोगों को इसे समझना और बरगलानेवाले नेताओं से दूर रहना जरूरी है। इससे एक ओर जहां घाटी में शांति स्थापित होगी, वहीं दूसरी ओर विकास की बयार भी बहेगी।

Wardi

वर्दी मौसम नहीं देखती

अपने हर संस्करण में हम बात करेंगे कुछ ऐसे लोगों से जो की आपकी और हमारी रोज़मर्रा की ज़िन्दगी को काफी हद तक आसान बनाते हैं। इसी श्रृंखला में इस बार हम जानेंगे ट्रैफिक इंस्पेक्टर आशिक़ खान से उनके संघर्ष के बारे में।

आपका नाम?

मेरा नाम आशिक़ के खान हैं।

आप कितने वषी से सर्विस में हैं?

मैं सन् 2003 से सेवा में हूँ।

उस हिसाब से तक़रीबन 16 वर्ष की सर्विस हो गयी है मेरी।

काम को लेकर आपकी क्या–क्या ज़िम्मेदारियाँ रहती हैं ?

जब हम ड्यूटी पर रहते हैं तो तरह–तरह की ज़िम्मेदारियाँ रहती हैं। हर वक़्त चौकन्ना रहना पड़ता हैं। बड़ी–बड़ी गाड़ियों से दिनभर घीरे रहते हुए, ट्रैफिक नियमों का लोगो से पालन करवाना और साथ ही अपनी जान की खुद रक्षा करना हमारे काम का एक छोटा सा पहलु है। कई बार शहरी सीमा में जो गाड़ियां नहीं आनी चाहिए ,वो आ जाती हैं, उनको भी उस सीमा से बहार रखना, ऐसा न हो पर अगर किसी का एक्सीडेंट हो जाता हैं तो हम उसे भी चालू ट्रैफिक में सँभालने की कोशिश करते हैं।

काम को सुचारु रूप से करने में आने वाली परेशानियों के बारें में कुछ बताएं?

वैसे तो हर पेशे के कुछ नकारात्मक और सकारात्मक दोनों पहलु होते हैं, लेकीन हम लोग अपनी ज़िम्मेदारी से इस काम को करते हैं। कभी–कभी कुछ लोग गलत भाषा का प्रयोग करते हैं जो कि सही नही है। लेकिन लोगों को यह ध्यान में रखना चाहिए कि हमारी पहचान हमारी वर्दी से है।

यातायात के इस काम को करने में आप कैसा महसूस करते हैं?

हमें इस काम को करने में गर्व महसुस होता है। हमें काम करते समय ज़िम्मेदारी का पूरा एहसास रहता है, और यकीन मानिए इससे बड़ कर कोई खुशी नहीं होती।

लोगों का क्या नज़रियाँ है ट्रैफिक नियमों के प्रति?

यह देखा गया है कि लोगों में अभी भी ट्रैफिक नियमों को लेकर इतनी जागरूकता नहीं आयी है जितनी होनी चाहिए।आज इतनी तकनिकी उन्नति के बावजूद लोग नियमों का उल्लंघन करते है।हर व्यक्ति को जल्दी रहती हैं और इसी के चलते नियमों को नहीं मानते जो कई बार दुर्घटना का कारण होता हैं।

किसी तरह के और सुधार किये जाने चाहिए जिससे की काम को करने में आसानी हो?

तकनीक तौर पर चाहे कितने ही सुधार कर लिए जायें उससे कुछ विशेष फर्क नहीं आएगा, जब तक लोगों में अपनी खुद की व दुसरों की जिन्दगी को लेकर ज़िम्मेदारी नहीं आ जाती।हम दिनभर हर मौसम में खड़े भी रहे पर लोग जब तक नियमों का पालन नहीं करेंगे समस्या हल नहीं हो सकती।हम जितना ट्रैफिक को कण्ट्रोल कर सकेंगे, हमेशा करेंगे।

लोगों को ट्रैफिक को लेकर क्या सुझाव देना चाहेंगे?

लोग अगर नियमों को समझेंगे तो यह जान पाएंगे की सारे नियम उनकी सुरक्षा के लिए ही बनाये गए हैं। अगर नियमों का पालन ठीक से करेंगे तो आधे से ज़्यादा समस्या हल हो जाएगी।

समाज में अप्रत्यक्ष सहयोग

“ गर्व है, मैं सफाई कर्मी हूँ ”

आपका नाम ? यह काम आप कबसे कर रहे है?

कमला इस काम में इन्हे कार्यरत रह कर 15 साल हो गए है।

इस काम को करने में आपको किस तरह की परेशानियां आती है?

आज से 5 साल पहलें बहुत परेशानियां होती थी। अब परेशानियां कम हो गयी है। हर जगह कचरा पेटी हो गयी है। नगर निगम की गाड़ियां हर घर चलती है। पहले से कहीं ज़्यादा उपकरण और संसाधन आज की तारीख़ में नगर निगम में उपलभ्ध है।

इस काम को लेकर लोगों का क्या नज़रियां रहता है?

इस काम को पहले लोग सम्मान से नहीं देखते थे। लेकिन कुछ सालों से लोग सफ़ाई को लेकर बहुत जागरूक हो गए है। अब उन्हें भी लगता हैं कि हम लोग जो महनत करते है वह देश के लिए बडा काम है।

सफाई के इस काम को करने में आप कैसा महसूस करते है? क्या आप यह सोचते हैं कि यह काम गन्दा है?इसको हम क्यों करें?

मुझे गर्व है कि देश का ऐसा काम में करती हूँ। जिससे की लोगों को बिमारियों से बचाया जा सकता है। प्रदुषण होने से रोकने का काम हम लोग करते है।

सफाई को लेकर लोगों को कोई संदेश या सुझाव देना चाहेंगे?

बस मैं यहीं कहना चाहती हूँ की यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह स्वच्छता मे सहयोग करे।

ऐसे कौन कौनसे काम या सुधर किये जाये जिससे कि आपकी इन परेशानियों को काम किया जा सकें?

आज का समाज वैसे भी समझदार हो गया है। फिर भी अगर हर इंसान कचरा सही जगह पर फेके। सरकार ने हर जगह बॉक्स लगाए है, ताकि
रोड पर कचरा न फेले। लोगों को जागरूक करने के लिए और अभियान चलाये जाने चाहिए।

इस काम के लिए सरकार की और से वो सारे संसाधन उपलब्ध कराये जाते हैं जिनकी ज़रूरत होती हैं आपके काम करने में?

जी बिलकुल,सरकार हमें नए नए उपकरण उपलब्ध करवा रही है जिससे हमें काम करने में आसानी हो रहीं है। आधुनिक संसाधन उपलब्ध है और तो और सभी उपकरण नए है।

Name - Nisarg Patil
Place - Indore

Model of the month –

MALE

Inbook संस्करण का यह पेज **Model of the Month** के लिए रखा गया है जहॉ की **Inbook app** पर **model group** मे **post** गई **photo** मे से चयनित की गई किसी एक **photo** को हम यहा प्रकाशित करेगें। अगर आपको भी लगता हो की आपका **photo** इस मेग्जीन मे आऐ तो आज हि **download Inbook app from playstore** और **post** करें अपनी **photo model group**

Model of the month –

FEMALE

दोस्तो यह पेज **Model of the Month** के लिए रखा गया है जो की **Inbook app** पर **model group** मे **post** गई **photo** मे से चयनित की गई **photo** को हम यहा देगें। अगर आपको भी लगता हो की आपका **photo** इस मेग्जीन मे अए तो **download Inbook app from playstore** और **post** करें अपनी **photo model group** में।

Name - Vidhu Modi
Place - Bhopal

“मेरा अपना पुस्तकालय„



INDORE INSTITUTE OF LAW℠

(Affiliated to DAVV & Bar Council of India, New Delhi)

INTERNATIONAL CONFERENCE ON

ALTERNATIVE DISPUTE RESOLUTION

TOWARDS A ROAD LESS TRAVELLED

INDORE INSTITUTE OF LAW

Gendalal Bam Parisar : Opp. IIM, Rau Pihampur Road, Village Dehri, Rangwasa,
Indore (M.P.) 453331 | Email: conference@indoreinstituteoflaw.org

Inbook Network: एक परिचय

Inbook क्या हैं :

Inbook Network: ———

(MERA DESH MERA NETWORK)

